भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1166 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 09 फरवरी, 2024/ 20 माघ, 1945 (शक) को दिया जाना है

मंगलुरु से लक्षद्वीप तक यात्री जहाज

1166. श्री नलीन कुमार कटील :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मार्च, 2020 से मंगलुरु ओल्ड पोर्ट से कदमत द्वीप, लक्षद्वीप तक यात्री जहाज का संचालन कर रही थी;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त सेवाएं बंद कर दी गई हैं;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का इसका प्रचालन पुन: शुरू करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) मंगलुरु और कदमत द्वीप के बीच की दूरी कितनी है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): जी हां, लक्षद्वीप प्रशासन संघ राज्य क्षेत्र, मंगलुरु ओल्ड पोर्ट से कदमत द्वीप, लक्षद्वीप तक यात्री पोत का प्रचालन कर रहा था।

(ख): जी हां, यात्री पोत की सेवा समाप्त कर दी गई थी।

(ग): **'ओल्ड मंगलुरु पत्तन में लक्षद्वीप के लिए कार्गो और क्रूज टर्मिनल हेतु संबद्ध अवसंरचना सुविधाओं सहित समर्पित जेट्टी का विकास'** संबंधी परियोजना के कार्यान्वयन हेतु लक्षद्वीप प्रशासन संघ राज्य क्षेत्र और कर्नाटक समुद्री बोर्ड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए है। इन सुविधाओं से, मंगलुरु पत्तन और लक्षद्वीप के द्वीपों विशेष रूप से अमिनी, कदमत, किल्टन, चेतलट, बित्रा जैसे उत्तरी द्वीपसमूहों के बीच नौवहन सेवा को

सुविधा होगी। कर्नाटक सरकार मंगलुरु और लक्षद्वीप द्वीपसमूह के बीच यात्री क्रूज का प्रचालन करने की योजना भी बना रही है।

(घ): मंगलुरु और कदमत द्वीप के बीच की दूरी 155 नोर्टिकल मील है।

*****